# 249413 - एक डॉलर में विज्ञापन पैकेज खरीदकर विज्ञापन साइटों से लाभ कमाना

**प्रश्न**

मैं विज्ञापन वेबसाइटों से लाभ कमाने और उनसे कमाई करने के बारे में पूछना चाहता हूँ, ताकि हम निषिद्ध मामलों और सूदी मुद्दों में शामिल न हों।

इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है : एक वेबसाइट है जहाँ आप विज्ञापनों पर क्लिक करके उनसे पैसे कमा सकते हैं। मैं एक डॉलर में एक विज्ञापन पैकेज खरीदता हूँ, जिसके बदले में मुझे अपनी वेबसाइट पर 70 विज़िट मिलती है और कंपनी मुझे प्रति पैकेज अनुमानित 3,200 अंक देती है। जबकि एक डॉलर के निवेश से मुझे 159% का लाभ होता है। फिर कंपनी सदस्यों को प्रत्येक के पास मौजूद अंकों की संख्या के अनुसार विज्ञापन वितरित करती है। मुझे प्राप्त होने वाले प्रत्येक विज्ञापन के लिए एक शुल्क लगता है। यदि उसका मूल्य, उदाहरण के लिए, एक डॉलर है, तो वह 2000 अंक लेती है। और इस प्रकार मेरे खाते में 1200 अंक रह जाएँगे।

एक डॉलर से मैं विज्ञापनों का एक और पैकेज खरीद सकता हूँ या मैं इसे निकाल सकता हूँ। इस प्रकार हर किसी को उसकी वेबसाइट पर लोगों के विज़िट करने से लाभ होता है, और हर कोई अन्य सदस्यों की वेबसाइटों पर विज़िट करता है। उन वेबसाइटों में व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए वेबसाइटों के विज्ञापन होते हैं, और उनमें कोई अश्लील सामग्री नहीं होती है। ये विज्ञापन केवल 24 घंटे चलते हैं, और यदि आप उनपर क्लिक नहीं करते हैं, तो वे अन्य सदस्यों के पास चले जाते हैं। मैं अपने दोस्तों को भी कंपनी में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर सकता हूँ, और मुझे सदस्यों के उनके विज्ञापनों पर क्लिक करने का एक प्रतिशत मिलता है। मैं जब चाहूँ, किसी भी मात्रा में अपना मुनाफा निकाल सकता हूँ। वेबसाइट का मुनाफ़ा ट्यूनीशिया में कारों के आयात से आता है।

मेरे प्रश्न ये हैं : 1. क्या इस वेबसाइट से जुड़ना और इसमें निवेश करना जायज़ है ? 2. यदि यह रिबा (सूद) है, तो क्या इस वेबसाइट पर बिना निवेश किए काम करना जायज़ है, क्योंकि वेबसाइट आपको बिना निवेश किए और केवल अपने दैनिक प्रयासों के माध्यम से काम करने की अनुमति देती है ? 3. यदि निवेश के बिना काम करना जायज़ है, तो क्या वेबसाइट पर नए सदस्यों को लाना और उनसे कुछ प्रतिशत प्राप्त करना जायज़ है ? यह जानते हुए कि मुझे नहीं पता कि वे निवेश करेंगे या नहीं ?  4. क्या मुझे कंपनी से अर्जित लाभ को दोबारा निवेश करने की अनुमति है ? यह जानते हुए कि जब मैंने पहली बार साइट में प्रवेश किया था, तो मैंने अपने पैसे का एक डॉलर भी निवेश नहीं किया था। 5. यदि मेरा सारा काम सूद पर आधारित है, तो क्या मेरे लिए अपना खाता दूसरों को बेचना जायज़ है ?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

सबसे पहले :

निम्नलिखित शर्तें पूरी होने पर विज्ञापन साइटों से लाभ कमाने की अनुमति है :

**पहली** : इस वेबसाइट से जुड़ना निःशुल्क होना चाहिए। यदि यह शुल्क के बदले में है, तो यह निषिद्ध है ; क्योंकि यह जुआ और रिबा (सूद) है, क्योंकि यह भुगतान में देरी और मात्रा में अंतर के साथ पैसे के बदले पैसे का आदान-प्रदान कर रहा है।

**दूसरी** : विज्ञापन अनुमत चीज़ों के लिए होने चाहिए।

**तीसरी** : प्रतिभागी को बड़ी संख्या में आगंतुकों का भ्रम पैदा करने के लिए (विज्ञापनों पर क्लिक करने हेतु) सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने या वेबसाइटों को किराए पर लेने से बचना चाहिए।

**चौथी** : आपको क्या हासिल होगा यह पता होना चाहिए। इसलिए ज्ञात होना चाहिए कि हर क्लिक का मूल्य इतना है।

आपके प्रश्न से यह स्पष्ट है कि इस वेबसाइट से जुड़ना निःशुल्क नहीं है ; बल्कि इसके लिए आपको एक डॉलर का भुगतान करना होगा। इसके आधार पर, इसमें शामिल होना वर्जित है।

यह तथ्य कि आप इस डॉलर से अपनी वेबसाइट का विज्ञापन करने का लाभ उठाते हैं, तो इससे वह हलाल नहीं हो जाता है। क्योंकि इस साइट के साथ अनुबंध की वास्तविकता यह है कि : आप पैसे का भुगतान करते हैं, और आप अपनी साइट का विज्ञापन करवाकर उससे लाभान्वित होते हैं, तथा आप विज्ञापनों पर क्लिक करने और उनसे लाभ कमाने में सक्षम होते हैं, और दूसरों को आमंत्रित करने और उनकी भागीदारी से लाभ कमाने में सक्षम होते हैं। लेकिन यह अनुबंध निषिद्ध (हराम) है ; क्योंकि इसमें जुआ और सूद शामिल है।

जहाँ तक जुए की बात है : तो ऐसा इसलिए है कि आप पैसे का भुगतान करते हैं, इस उम्मीद में कि हर बार जब आप विज्ञापनों पर क्लिक करेंगे तो आप इससे अधिक कमाएँगे। और ऐसा हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता है। अतः यह एक निश्चित हानि और संभावित लाभ है, और यही जुआ है।

इसमें सूद होने का कारण यह है कि : यह पैसे के बदले में पैसे का आदान-प्रदान कर रहा है, राशि में बढ़ोतरी (अंतर) और विनिमय में देरी के साथ।

यदि आपका उद्देश्य अपनी वेबसाइट का विज्ञापन करना है, तो आप इसके लिए पैसे का भुगतान करें और खुद को वहीं तक सीमित रखें। विज्ञापनों पर क्लिक करके लाभ न उठाएँ। दूसरे शब्दों में, विज्ञापन को पैसा कमाने के साथ न जोड़ें, क्योंकि इसमें निषेध के लिए चालाकी का उपयोग करना बिल्कुल स्पष्ट है।

**दूसरी बात** :

अपना खाता दूसरों को बेचना : यदि इसका मतलब अपनी साइट बेचना है, तो इसमें कोई आपत्ति की बात नहीं है।

लेकिन यदि इसका अभिप्राय यह है कि जो कोई भी विज्ञापन साइट की सदस्यता लेता है, उसे एक विशिष्ट खाता दिया जाता है, जिसमें उसके अंक और लाभ शामिल होते हैं, तो इसे बेचना जायज़ नहीं है। क्योंकि इसके बारे में ऊपर उल्लेख किया गया है कि इसका अनुबंध निषिद्ध है।

इसी तरह, दूसरों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित करना भी जायज़ नहीं है ; क्योंकि यह पाप और अपराध में मदद करने की श्रेणी में आता है।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।